f'k'kq vkSj NksVs cPpksa ds iks"k.k lacaf/kr jkT; Lrjh; fn'kk&funsZ'k

jkT; LokLF; lfefr, fcgkj

vkbZ- okbZ- lh- ,Q- jkT; Lrjh; fn’kk&funs’k dk cukus esa lg;kx

डॉ. सुरेन्द्र कुमार, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी (शिशु स्वास्थ्य) , राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

डॉ. वाणी सेठी, पोषण विशेषज्ञ, यूनिसेफ इंडिया, नई दिल्ली

श्री रवि परही, पोषण विशेषज्ञ, यूनिसेफ, बिहार

डॉ. शिवानी डार, पोषण पदाधिकारी ,यूनिसेफ, बिहार

डॉ. प्रीति कुमारी, आई. वाई. सी. एफ., सलाहकार, यूनिसेफ, बिहार

श्रीमती वृंदा किराड्ु, एन. आर. सी., सलाहकार, यूनिसेफ, बिहार

lf{kIr 'kCnk dh lph

A.N.M.	ए. एन. एम.	Auxiliary Nurse Midwife
A.S.H.A.	आशा	Accredited Social Health Activist
A.W.C.	ए. डबल्यू. सी.	Anganwadi Centre
A.W.H.	ए. डबल्यू .एच.	Anganwadi Helper
A.W.W.	ए. डबल्यू. डब्लू.	Anganwadi Worker
D.H.S.	डी. एच. एस.	District Health Society
G.O.I.	जी. ओ. आई.	Government of India
I.C.D.S.	आई. सी. डी. एस.	Integrated Child Development Services
I.F.A.	आई. एफ. ए.	Iron Folic Acid
I.Y.C.F.	आई. वाई. सी. एफ.	Infant and Young Child Feeding
M.C.P. Card	एम. सी. पी. कार्ड	Maternal and Child Health Protection Card
M.I.S.	एम.आई.एस.	Management Information System
M.L.T.	एम.एल.टी.	Mid Level Trainer
M.U.A.C.	एम. यू. ए. सी.	Mid Upper Arm Circumference
N.F.H.S.	एन. एफ. एच. एस.	National Family Health Survey
O.R.S.	ओ. आर. एस.	Oral Rehydration Salts
P.H.C.	पी. एच. सी.	Primary Health Centre
T.H.R.	टी. एच. आर.	Take Home Ration
T.O.T.	टी. ओ. टी.	Training of Trainers
U.N.I.C.E.F.	यूनीसेफ	United Nation International Children Emergency Fund
V.H.S.N.D.	वी. एच. एस. एन. डी.	Village Health Sanitation and Nutrition Days
W.H.O.	डबल्यू. एच. ओ.	World Health Organization

fo"k; & lph

I. rduhdh fn'kk&funsZ'k	i"B la[;k
अध्याय 1: परिचय	
अध्याय 2: शिशु और छोटे बच्चों के पोषण की परिभाषा	
अध्याय 3: विशेष परिस्थितियों में स्तनपान- एच आई वी	
अध्याय 4: शारीरिक माप	
II. fØ;kUo;u fn'kk&funsZ'k	
अध्याय 5: स्वास्थ्य विभाग में शिशु और छोटे बच्चों के पोषण को बढ़ावा देने के तरीके	
अध्याय 6: आई.वाई.सी.एफ. परामर्श केन्द्र स्थापित एवं संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा–निर्देश	
अध्याय 7: शिशु और छोटे बच्चों के पोषण को प्रोत्साहन देने हेतु तीन स्तरों पर कार्य	
A. स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं के उत्तरदायित्व	
B. सभी अस्पतालों में आई एम एस एक्ट का क्रियान्वयन	
C. अस्पताल और उसके आस पास के परिसर को दूध की बोतल (feeding bottle) मुक्त क्षेत्र स्थापित करना	
D. अस्पतालों को बेबी फ्रेंडली बनाना	
E. मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में ब्रेस्टफीडिंग कार्नर की स्थापना	
अध्याय 8: प्रतिवेदन क्रियाविधि	
अध्याय 9: पर्यवेक्षण, अनुश्रवण और मूल्यांकन	
अध्याय 10: वित्तीय दिशा–निर्देश	
III. ifjf'k"V	
ifjf'k"V&1 सफलतापूर्वक स्तनपान कराने के दस मुख्य बिन्दु	
ifjf'k"V&2 आई एम एस एक्ट (IMS Act)	
ifjf'k"V&3 आई.वाई.सी.एफ. परामर्श केन्द्र स्थापित और संचालित करने कि मूलभूत आवश्यकताएँ	
ifjf'k"V&4 स्तनपान से सम्बन्धित सूचना, शिक्षा व संचार सामग्री	
ifjf'k"V&5 त्रैमासिक प्रगति प्रतिवेदन (जिला/राज्य से) शिशु और छोटे बच्चों का पोषण संबधी प्रशिक्षण कार्यकम	
ifjf'k"V&6 त्रैमासिक प्रगति प्रतिवेदन (जिला/राज्य से) परामर्श देने के लिए कौशल प्रशिक्षण	
ifjf'k"V&7 मासिक/त्रैमासिक प्रतिवेदन प्रपत्र (राज्य से)	
ifjf'k"V&8 मासिक प्रतिवेदन प्रपत्र	
ifjf'k"V&9 आई वाई सी एफ परामर्श केन्द्र सहायक पर्यवेक्षण प्रपत्र	

v/;k;&I rduhdh fn’kk&funs’k

v/;k; 1: ifjp;

बच्चों के शुरूआती जीवन में पोषण की महत्ता होने के बावजूद भी बिहार में पोषण की स्थिति चिंतनीय है। भारत में हो रहे नाटेपन (Stunted) का लगभग 14 प्रतिशत और वेस्टेड (Wasted) बच्चों का 10 प्रतिशत बिहार में पाया जाता है।

NFHS-4 के आकड़ों के मुताबिक बिहार में मात्र 34.9 प्रतिशत ही बच्चे ऐसे हैं जिन्हें 1 घंटे के अन्दर स्तनपान कराया गया। वैसे तो इन आकड़ों में NFHS-3 की तुलना में लगभग 30 प्रतिशत की बढ़त हुई है फिर भी और प्रयासों की आवश्यकता है। स्तनपान को छोटे बच्चों में होने वाले संक्रमण, जैसे दस्त रोग और निमोनिया से जुड़ी मृत्यु–दर को कम करने में बहुत प्रभावी माना गया है। वैज्ञानिक तथ्य बताते हैं कि जन्म के तुरंत बाद स्तनपान प्रारम्भ करने से इन पर नियंत्रण किया जा सकता है। स्तनपान से माँ और शिशु में ममत्व बढ़ता है जो मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक विकास के साथ–साथ मस्तिष्क के विकास में भी सहायक होता है। स्तनपान बचपन के मोटापे से एक व्यस्क व्यक्ति में होनेवाली डायबिटीज, अस्थमा और दिल की बीमारियों से बचाता है। शिशु की उम्र के प्रारम्भिक 1000 दिन तक स्तनपान जहाँ बच्चों को पर्याप्त पोषण के लिए आवश्यक है वहाँ यह संक्रमण से भी बचाता है।

चित्र:1 यह भी दर्शाता है कि छः माह तक केवल स्तनपान करने वाले शिशुओं का प्रतिशत भी अभी 53.5 तक ही पहुँच पाया है। पानी सहित टॉप फीडिंग के प्रचलन पर अभी भी ध्यान देने की आवश्यकता है। अगर पूरक आहार के आकड़ों पर नजर डाली जाए तो स्थिति बहुत चिंतनीय है। विगत दस वर्षो में 6–8 माह के बच्चों को स्तनपान के साथ पूरक आहार खिलाने की शुरूआत करने का प्रतिशत 54.5 से 30.7 प्रतिशत हो गया है। पूरक आहार में सुधार, नाटापन और इससे संबंधित बीमारियों के बोझ (Burden of Disease) को बहुत हद तक कम करता है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन का प्रमुख उद्देश्य मातृ एवं शिशु–मृत्यु दर को कम करने के लिए मजबूत स्वास्थ्य प्रणाली स्थापित करना है। यह शिशु एवं छोटे बच्चों के पर्याप्त पोषण, बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार करने, कुपोषण को रोकने और नवजात शिशुओं की मृत्यु को कम करने के लिए एक सर्वाधिक प्रभावशाली कदम है। इसके क्रियान्वयन के लिए स्तनपान और पूरक आहार संबंधी परामर्श को स्थापित कार्य प्रणाली में जोड़ा जाए, ताकि शिशु मृत्यु को कम किया जा सके।



fp=:1

आई.वाई.सी.एफ. को सुदृढ़ बनाने के लिए उठाये गये कारगर कदमों (Effective Interventions) का सकारात्मक प्रभाव बच्चों के रोग एवं मृत्यु पर पड़ेगा और साथ ही इसका प्रभाव कार्यक्षमता और धनोपार्जन पर भी होगा। Lancet Series on Child survival के अनुसार बच्चों के पोषण/स्वास्थ्य में सुधार से जुड़ी सारे प्रमुख आयामों में आई.वाई.सी.एफ. का सबसे महत्वपूर्ण योगदान है। अगर पर्याप्त स्तनपान का वैश्व व्याप्ति क्षेत्र (universal Coverage) प्राप्त कर लिया जाए तो 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में हो रहे मृत्यु का 13 प्रतिशत रोका जा सकता है, जबकि उचित पूरक आहार अतिरिक्त 6 प्रतिशत मृत्यु को रोक सकता है।

v/;k; 2: f'k'kq vkj NkVs cPPkks dk iks"k.k dh ifjHkk"kk

2013 में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत शिशु एवं छोटे बच्चों के पर्याप्त पोषण को बढ़ावा देने के लिए दिशा–निर्देशों को विकसित किया गया था। दिशा–निर्देशानुसार शिशु एवं छोटे बच्चों के पोषण की परिभाषा में निम्न बातें प्रस्तावित हैं :

1. शिशु के जन्म के बाद जल्द से जल्द स्तनपान आरंभ कराया जाना। (जन्म के एक घंटे के अंदर)
2. प्रथम छः माह तक मात्र स्तनपान कराया जाना, इसके अतिरिक्त कुछ भी नहीं दिया जाना, यहाँ तक कि पानी की बून्द भी नहीं। (आवश्यक हो तो ओ.आर.एस., विटामिन व मिनरल का सीरप और दवा दी जा सकती है)
3. छः माह की उम्र के बाद स्तनपान के साथ पूरक आहार दिया जाना।
4. दो साल और उसके बाद भी जब तक बच्चा चाहे, स्तनपान कराया जाना चाहिये।
5. छः माह से 23 माह तक, स्तनपान के अतिरिक्त उम्र के अनुकूल पूरक आहार दिया जाना चाहिये जिसमें कोई एक अनाज, दाल और कन्दमूल, दूध या दूध से बने पदार्थ, मांसाहारी पदार्थ, अण्डा एवं विटामिन–ए से भरपूर पदार्थ सम्मिलित हैं।
6. शिशु के बीमारी एवं उसके ईलाज के दौरान भी स्तनपान निरंतर जारी रखना ।

me dk vuqlkj iwjd vkgkj fuEukuqlkj fn;k tkuk %&

[kkus dk fy, fn, tkus okys vkgkj dh ljexh ,oa ek=k			
vk;q	vkgkj dh fdLe	fdruh ckj ns	ek=k- ikR;sd ckj
6-8 माह	नरम दलिया, अच्छी तरह मसली हुई सब्जियां, फल, कीमा, मसले हुए आहार।	दिन में दो- तीन बार तथा थोड़ी-थोड़ी देर बाद स्तनपान।	दो- तीन भरे चम्मच धीरे-धीरे बढ़ाकर दो- तिहाई कप
9-11 माह	छोटे-छोटे टुकडों में या मसला हुआ भोजन या ऐसा आहार जो बच्चा खुद से उठाकर खा सके।	तीन बार खाना और बीच में एक बार स्नैक्स और स्तनपान जारी रखें।	तीन - चौथाई कप
12-24 माह	घर पर बना खाना, यदि जरूरी हो तो मसलकर दें या छोटे-छोटे टुकडें करके दें।	तीन बार खाना और दो बार स्नैक्स और बीच- बीच में स्तनपान	पूरा भरा कप या कटोरा
6&21 ekg vk;q ds cPps tks Lruiku ugh dj jgs gS mUgs fnu esa pkj ckj [kkuk			

*ukV – di ;k dVkjk dk eryc **250** xke dh {kerk okys di ;k dVkjk ls gA

v/;k; 3: fo'k"k ifjfLFkfr;k e Lruiku- ,p-vkbZ-oh-

यदि माँ एच.आई.वी./एड्स से ग्रस्त है, तो नवजात शिशु में एच.आई.वी. स्तनपान के द्वारा संचारित होता है। यदि एक माँ अपनी एच.आई.वी. स्थिति को बताती है, तब माँ को उसकी एच.आई.वी. स्थिति के अनुसार सलाह दे सकते हैं।

Lruiku fodYi:

शिशु को या तो स्तनपान या स्तन से निकला दूध कप द्वारा दे सकते हैं। निम्नलिखित विकल्प हो सकते हैं:

1. 6 महीने तक स्तनपान, घर में बना आहार, दो साल या उससे अधिक स्तनपान के साथ दे सकते हैं।
2. कम समय के लिए स्तनपान - शिशु को 6 महीने के लिए केवल स्तनपान और तब अचानक स्तनपान रोक सकते हैं। (2 सप्ताह के अन्दर)
3. धाय माँ - एच.आइ.वी. निगेटिव माँ जो एच.आई.वी. पॉजिटिव माँ के शिशु को स्तनपान करा सकती है।
4. स्तन से निकाले गए तथा ताप उपचारित माँ का दूध - यह दूध कप के द्वारा देना चाहिए।

यदि एक माँ स्तनपान का निर्णय लेती है, तो उसे स्तनकील की स्थिति से बचने के लिए शिशु को सही स्थिति व स्तन से जुड़ाव के बारे में बताना चाहिए। ऐसे स्तन की दशा एच.आई.वी. संचरण के खतरे को बढ़ाती हैं। इसको रोकने के लिए स्तनपान और जानवर का दूध साथ-साथ नहीं देना चाहिए।

v/;k; 4: 'kkjhfjd eki

MUAC iVVh:

इस पट्टी के द्वारा 6 माह से 59 माह के बच्चों की बाएं बाँह के उपरी हिस्से के बीच की गोलाई को मापा जाता है। कंधे एवं कोहनी के बीच की लम्बाई को पट्टी की सहायता से मापकर बीच का बिन्दु निर्धारित कर बांह पर निशान लगायें। निर्धारित निशान के स्थान पर बांह की गोलाई को तिरंगी पट्टी की सहायता से मापें। मापते समय पट्टी न तो अत्यधिक कसी हुई होनी चाहिए और न ही अत्यधिक ढ़ीली। यदि बांह की गोलाई 11.5 cmसे कम है तो बच्चा गंभीर रूप से कुपोषित माना जायेगा।



11.5 CM

MUAC Tape



yEckbl@mpkbl ekiu dk lgh rjhdk %

जिन बच्चों की उम्र 2 साल से अधिक है लंबाई 87 सेमी से ज्यादा है और जो बच्चे अच्छी तरह खड़े रह सकते हैं उनकी उँचाई Stadiometer से नापे। ध्यान रहें बच्चे के घुटने मुड़े हुए नहीं हो बच्चे की नजर बिल्कुल सामने हो। Stadiometer की उपर की पट्टी (Head board) सर से सटी हो इस तरह से उँचाई माप लें और इसे तुरंत प्रपत्र में नोट कर लें।



जिन बच्चों की उम्र 2 साल से कम है या लम्बाई 87 सेमी. से कम है या उम्र का पता नहीं है उनकी लम्बाई Infantometer पर लेटा कर की जाती है। बच्चे को Infantometer पर लेटा दें। एक सहायक बच्चे के सिर को दोनों ओर से पकड़ कर बैठे, जब तक कि सिर हेडबोर्ड से अच्छी तरह सट जाये। दूसरा व्यक्ति बच्चे के पैरों की तरफ बैठ कर एक हाथ से दोनों घुटनों को दबाये ताकि पैर मुड़े नहीं और दूसरे हाथ से पैर वाले बोर्ड को पैरों के तलवे पर मजबूती से जमाएं। लम्बाई मापने के बाद इसे तुरन्त प्रपत्र में नोट करें।



> ;fn cPps dh mez 2 lky ls de gS vkSj og ysVuk ugha pkgrk mudh mapkbZ [kMk dj ds uki s vkSj mlesa 0.7 lseh tksM+ nsa ;g mlls cPps dh lgh yEckbZ gksxhA
>
> vxj cPps dh mez 2 lky ls T;knk gS vkSj og [kMk ugha gks ldrk rks mldh yEckbZ yVkdj uki ys vkSj mlesa ls 0.7 lseh ?kVk nsa ;g cPps dh lgh mapkbZ gksxh

otu

बच्चे का वजन कुपोषण उपचार केन्द्र में उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक मशीन से लें। इस मशीन में 5 ग्राम तक भी वजन रिकॉर्ड किया जाता है। वजन लेने से पहले मशीन को समतल सतह पर रखें। मशीन को प्रारंभ करने के बाद शून्य लाना है। शून्य के स्थिर होने पर होल्ड (Hold) बटन दबाने के बाद बच्चे का वजन लेना है। होल्ड (Hold) बटन दबाने से, अगर बच्चा हिलता भी है तब भी वजन सही आएगा एवं स्थिर रहेगा। हर दिन करीब एक ही समय सुबह 8.00 से 9.00 बजे के बीच कपड़े उतार कर बच्चे का वजन लें। वजन के आधार पर अगले 24 घंटे में दी जाने वाली चिकित्सीय आहार की मात्रा निर्धारित की जा सके। जहाँ तक संभव हो बच्चे का वजन आहार लेने के एक घंटे पहले लें। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि ए.एन.एम. सही वजन को नोट कर रिकॉर्ड करती है और वजन वृद्धि तालिका पर लिए गए वजन को अंकित करती है।

v/;k;&II fØ;kUo;u fn'kk&funs'k

v/;k; 5: LokLF; foHkkx es f'k'kq vkj NksV cPpks ds iks"k.k dks c<kok nus ds rjhds

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हमें शिशु और छोटे बच्चों के पोषण कार्यक्रम को स्वास्थ्य संस्थानों, सामाजिक स्तर पर बढ़ावा देने और इसे सुदृढ़ बनाने के अनेक अवसर प्रदान करता है।

शिशु और छोटे बच्चों के पोषण को सुदृढ़ करने के लिए हमें तीन क्षेत्रों में कार्य करने की आवश्यकता है –

क्र०सं०	cpko	iksRlkgu	lgk;rk
1	आई.एम.एस एक्ट का क्रियान्वयन	महिलाओं, परिवार के सदस्यों और समुदाय को परामर्श के द्वारा जागरूक करना	आई.वाई.सी.एफ. परामर्श केन्द्र की स्थापना
2	अस्पताल और उसके आस पास के परिसर को दूध की बोतल मुक्त क्षेत्र स्थापित करना	आई.वाई.सी.एफ काउन्सलर/ RMNCH+A काउन्सलर का प्रशिक्षण	लैक्टेशन रूम की स्थापना
3	सभी अस्पतालों को बेबी फ्रेंडली बनाना	ममता, डॉक्टर, ए.एन.ए./स्टाफ नर्स को जागरूक करना	स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा परामर्श
4	आई.ई.सी./आई.पी.सी.के माध्यम से	प्रखंड/जिला स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण और उन्मुखीकरण	आशा द्वारा एच.बी.एन.सी. में मदद
5	स्तनपान से पूर्व फीडिंग पर रोक	राज्य स्तर के अधिकारियों का प्रशिक्षण और उन्मुखीकरण	ए.एन.एम. द्वारा कम वजन के शिशुओं को परामर्श

v/;k; 6: vkbZ-okbZ-lh-,Q- ijke'kZ dsUnz LFkkfir ,oa lapkfyr djus ds fy, vko';d fn'kk&funZ'k

जिन चिकित्सा संस्थानों में आने वाले बच्चों की संख्या अधिक है वह आई.वाई.सी.एफ. परामर्श केन्द्र की स्थापना की जाये। इन केन्द्रों पर शिशु एवं छोटे बच्चों के पोषण में प्रशिक्षित परामर्शदाता की नियुक्ति की जाये या फिर एक निश्चित समय के लिए इनकी उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। मेडिकल कॉलेजों और 38 जिलों के जिला और रेफरल अस्पताल में आई.वाई.सी.एफ. परामर्श केन्द्र की स्थापना अनिवार्य है क्योंकि यहाँ लाभार्थियों की संख्या अधिक होती है और चिकित्सक और नर्सों द्वारा परामर्श के लिए गुणवत्तापूर्ण समय का अभाव रहता है। इसलिए इन अस्पतालों में ओ.पी.डी. में आये हुए लाभार्थियों को परामर्श के लिए उनकी ओ.पी.डी. पर्ची पर लिखकर या स्टाम्प लगा कर आई.वाई.सी.एफ. परामर्श दाता बच्चों की वृद्धि निगरानी और टीकाकरण की स्थिति सुनिश्चित करेंगी और उन्हें निम्न सेवाएँ उपलब्ध करायेंगी–

1. वृद्धि निगरानी और इससे संबंधित परामर्श यदि मातृ शिशु कार्ड उपलब्ध है तो उसे संदर्भ की तरह काम में लें।
2. शिशु और छोटे बच्चों के पोषण पर संदेश और परामर्श।
3. केन्द्र पर उपलब्ध अन्य सेवाओं की जानकारी देना।
4. विटामिन ए और छः माह से बड़े बच्चों के लिए आयरन फॉलिक एसिड की पूरक खुराक की जानकारी देना।
5. कम वजन या समय पूर्व पैदा होने वाले बच्चों की माँ/देखभाल करने वालो को परामर्श व उनसे केन्द्र पर नियमित सम्पर्क में रहने हेतु सलाह देना।

vkbZ-okbZ-lh-,Q- ijke'kZ lapkfyr djus dh ewyHkwr vko'drk,¡ ifjf'k"V& esa nh x;h gSA

v/;k; 7: f'k'kq vkSj NksVs cPpksa ds iks"k.k dks izksRlkgu nsus gsrq rhu Lrjksa ij dk;Z

मातृ एवं शिशु सेवाओं के माध्यम से स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता, माँ की गर्भावस्था से लेकर बच्चे के दो वर्ष का होने तक निरन्तर सम्पर्क में रहते हैं। इस दौरान कार्यकर्त्ता माँ और बच्चे की देखभाल करने वालों को पोषण संबंधी जानकारी दें और उन्हें स्तनपान कराये जाने के लिए निरन्तर प्रोत्साहित करते रहें। वे स्वास्थ्य सेवायें प्रदान करते समय सामान्य भाषा में संदेश एवं परामर्श द्वारा पोषण संबंधी जानकारी आवश्य दें। क्षेत्र में स्थित महिला स्वास्थ्य कार्यकर्त्ता और आशा समय–समय पर इस जानकारी को और सुदृढ़ कर सकते हैं। निम्नलिखित स्तरों पर कार्य द्वारा शिशु और छोटे बच्चों के पोषण को प्रोत्साहन दें–

1. स्वास्थ्य संस्थान,
2. समुदाय से सम्पर्क संबंधी गतिविधियों के दौरान,
3. समुदाय और परिवार स्तर की सेवाओं को प्रदान करते समय।

मुख्य सम्पर्क बिन्दु और संबधित कार्यकर्त्ताओं के उत्तरदायित्व का नीचे विस्तार से वर्णन किया गया है। प्रदेश में ऐसे स्थलों को सम्पर्क स्थलों के रूप में विकसित करें जहाँ शिशु और छोटे बच्चों के पोषण के तरीकों पर परस्पर बातचीत के द्वारा इसे प्रोत्साहित किया जा सके।

A. LokLF; dk;ldÙkkvk d mRrjnkf;Ro

lid LFky	ftEenkj O;fDr	fufn"V xfrfof/k;k
LokLF; lLFkku		
lklo d{k	LVkQ ul lgk;d Hkfedk-eerk	नवजात शिशु का वजन और लम्बाई मापें। कम वजन वाले बच्चों की पहचान करें, परामर्श दें और जन्म के एक घण्टे के भीतर स्तनपान सुनिश्चित करें। माँ को बच्चे के जन्म के बाद शीघ्र स्तनपान कराने में मदद करें।
eVjfuVh okM	ik"k.k ijke'kdnkrk (tgk ij inLFkfir g)/ fpfdRlkf/kdkjh vkj LVkQ ul lgk;d Hkfedk-eerk	वार्ड में शीघ्र स्तनपान एवं सिर्फ स्तनपान संबंधी प्रचार सामग्री का प्रदर्शन करें। जब माँ अपने बच्चे को स्तन से लगाये तो उसका निरीक्षण करें ताकि शिशु का स्तन से सही लगाव हो और शिशु सही तरीके से दूध पी सके। बाद में भी समय–समय पर देखती रहे। स्तन की देखभाल करना सिखायें। एच.आई.वी. पॉजिटिव माँ से प्रसव पश्चात् बच्चे के पोषण पर चर्चा करें।
ckg; jkxh d{k	fpfdRld vkj LVkQ ul (vLirkyk e tgk ilo iok lok d fy, vku oky efgykvk dh l[;k vf/kd g ogk ik"k.k ijke'kdnkrk)	बच्चों (2 साल तक के) का वजन और लम्बाई मापें। बाएं हाथ की ऊपरी बांह का घेरा लें। वृद्धि निगरानी चार्ट का उपयोग, कुपोषित व नाटे बच्चों के चिन्हिकरण व प्रबंधन। यह सुनिश्चत करें कि स्तनपान और ऊपरी आहार के संदेशों पर पूरा जोर दिया गया है। गर्भवती महिलाएँ को शीघ्र स्तनपान हेतु परामर्श करें अन्य कुछ भी न देने के लिए प्रेरित करें। कॉलेस्ट्रम देने हेतु प्रेरित करें। एच.आई.वी. पॉजिटिव माँ से गर्भावस्था के दौरान एव प्रसव पश्चात् बच्चे के पोषण पर चर्चा करें। आने वाले महिलाओं की संख्या अधिक है तो स्टाम्प सिस्टम या ओ.पी.डी. पर्ची पर लिखकर आई.वाई.सी.एफ. परामर्श केन्द्र पर भेजें।

f'k'k okM	ik"k.k ijke'knkrk ¼tgk inLFkkfir gk½ vkj LVkQ ul'A okM iHkkjh (efMdy) d fujh{k.k e	भर्ती सभी बच्चों का वजन और लम्बाई मापें। बाएं हाथ की ऊपरी बांह का घेरा लें, बच्चे की देखभाल करने वाले को स्तनपान कराने व पोषण संबंधी परामर्श दें, विशेषकर कम वजन और कम लम्बाई वाले नवजात बच्चों को स्तन से दूध निकाल कर कप से पिलाने एवं उम्र के अनुकूल पोषण देने के संबंध में परामर्श दें। इन्फेन्ट मिल्क सबस्टीट्यूट एक्ट की पालना सुनिश्चित करें।
f'k'k vkj NkVs cPpk d ik"k.k ijke'k dUn	ik"k.k ijke'knkrk/**RMNCH+A** ijke'knkrk	वृद्धि निगरानी और इससे संबंधित परामर्श यदि मातृ शिशु कार्ड उपलब्ध है तो उसे संदर्भ की तरह काम में लें। शिशु और छोटे बच्चों के पोषण पर संदेश और परामर्श। केन्द्र पर उपलब्ध अन्य सेवाओं की जानकारी देना। और छः माह से बड़े बच्चों के लिए आयरन फॉलिक एसिड की पूरक खुराक की जानकारी देना। कम वजन या समय पूर्व पैदा होने वाले बच्चों की माँ / देखभाल करने वालो को परामर्श व उनसे केन्द्र पर नियमित सम्पर्क में रहने हेतु सलाह देना
ik"k.k iuokl dUæ	QhfMx MekU lVsVj	वृद्धि निगरानी। कुपोषित बच्चे की पोषण संबंधी जानकारी लें और उम्र के अनुकूल पोषण परामर्श दें। यह भी बतायें कि क्या खिलाना और कैसे खिलाना है। स्थानीय उपलब्ध खाद्य पदार्थों से भोजन तैयार करने के तरीकों का प्रदर्शन करें। उनकी गुणवता, गाढ़ापन और खिलाने के तरीकों का भी प्रदर्शन करें।
lenk; Lrj		
ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस	,-,u-,e-	माँ और शिशु पोषण व शिशु को आहार दिये जाने के तरीके पर समूह में परामर्श सत्र का आयोजन करें। स्थानीय उपलब्ध खाद्य पदार्थों से 6–23 माह के बच्चों के लिए उपर्युक्त गुणवर्त्ता पूर्ण भोजन बनाने का प्रदर्शन करें, पौष्टिक भोजन बनाने में माँ की कौशल वृद्धि करें।

नियमित टीकाकरण सत्र (उपकेन्द्र पर) अर्धवार्षिक गतिविधियां (विटामिन ए की खुराक के दौरान या पेट के परजीवी कीड़ों को नष्ट करने की दवा के दौरान)	,-,u-,e-	उम्र अनुकूल शिशु और छोटे बच्चों के पोषण के तरीकों और मातृ पोषण पर समुह परामर्श
आई.एम.एन.सी.आई./ बीमार बच्चों हेतु परामर्श	,-,u-,e-	कम वजन वाले बच्चों की पहचान करें, परामर्श दें। उम्र अनुकूल गुणवतापूर्ण भोजन, उसकी मात्रा और बीमारी के दौरान किये जा सकने वाले भोजन पर चर्चा करें।
आंगनबाड़ी केन्द्रों के नियमित सत्र (जैसे वृद्धि निगरानी सत्र, पूरक पोषण सत्र, परामर्श सत्र, अन्नप्राशन दिवस)	vkxuckMh dk;ZdÙkk	मातृ शिशु रक्षा कार्ड के अनुसार वृद्धि निगरानी करें। समूह परामर्श में शिशु एवं छोटे बच्चे व मां के पोषण पर चर्चा करें। जहाँ संभव हो स्थानीय खाद्य पदार्थों से गुणवता पूर्ण पौष्टिक पोषण बनाने का प्रदर्शन करे। उम्र अनुकूल गुणवतापूर्ण भोजन, उसकी मात्राा और बीमारी के दौरान किये जा सकने वाले भोजन पर चर्चा करें। बच्चे के सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न खेल और गतिविधियो ंपर चर्चा करें।
ifjokj Lrj		
?kj&?kj lEidZ dk nkjku	vk'kk	घर में प्रसव की स्थिति में 24 घंटे के भीतर नवजात का वजन लें। शीघ्र स्तनपान ओर कॉलेस्ट्रम पिलाने में मदद करें। मात्र स्तनपान हेतु प्रोत्साहित करें। माँ को कोई कठिनाई हो तो सहायता करें। यदि नवजात कम वजन का पैदा हुआ है तो स्तनपान या माँ का निकाला हुआ दूध पिलाने में मदद करें।
leg ijke'kZ l=	vk'kk	प्रत्येक गांव में समूह परामर्श सत्र आयोजित करना और उसमें भाग लेने वाले सहभागियों का रिकार्ड रखना

B. lHkh vLirkyksa e vkbZ-,e-,l- dk fØ;kUo;u

आई.एम.एस. एक्ट का मुख्य उद्देश्य, स्तनपान करने वाले बच्चों को बाजार में मिलने वाले उत्पादों से बचाना है। अस्पताल कर्मियों को ऐसे बेबी फूड बनाने वाली कम्पनियों के एजेन्टों को इन संस्थाओं मे आने से रोकना है। एक्ट के प्रावधानों के अनुसार ऐसी कम्पनियाँ प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूपसे चिकित्सकों अथवा स्वास्थ्य कर्मियों को लाभ नहीं पहुँचा सकती और न ही किसी कार्यक्रम के आयोजन में आर्थिक मदद कर सकती हे न ही शोध या कोई जिम्मेदारी दे सकती है।

vLirky dfe;ksa dh ftEesnkfj;k¡

1. दो वर्ष से छोटे बच्चों के लिए कोई उत्पाद चाहे किसी नाम से हो, उपयोग हेतु प्रोत्साहित न करें।
2. शिशु आहार को छः माह से छोटे बच्चों के उपयोग को प्रोत्साहित न करें।
3. टी.वी., अखबार, पत्रिकाओं, एस.एम.एस., ई–मेल, रेडियो पम्पलेट आदि के द्वारा प्रचार न करें।
4. उत्पाद या नमूना न बांटे।
5. गर्भवती और धात्री महिलाओं को किसी व्यक्ति के माध्यम से सम्पर्क न करें।
6. किसी भी रूप में लालच, कमीशन या उपहार न लें।
7. उत्पाद से सम्बन्धित सूचना, शिक्षण सामग्री, माँ या परिवार को न बांटे।
8. डिब्बे, कार्टून, पर्चे इत्यादि न बाँटे जिस पर माँ या छोटे बच्चे का चित्र बना हो जो उसकी बिक्री में सहायक हो।
9. बिक्री को बढ़ावा देने वाले पोस्टर, प्ले कार्ड प्रदर्शित न करें।
10. स्वास्थ्य कार्यकर्त्ताओं प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपहार/प्रोत्साहन न लें।
11. चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी या उनकी एसोसिएशन किसी भी रूप में फायदा न लें और न ही शैक्षिक कोर्स प्रतियोगिताएं, शैक्षणिक आयोजनों, अनुसंधान एवं भ्रमण में मदद लें।
12. बिक्री के आधार पर कमीशन न लें।
13. स्तनपान, दूध की बोतल और शिशु आहार पर सही और बैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराएं।
14. शिशु वैकल्पिक आहार से होने वाली हानियों से अवगत कराएं।
15. स्तनपान के प्रोत्साहन हेतु जागरूकता अभियान चलाएं।
16. एक्ट के उल्लंघन के मामलों की जानकारी अस्पताल प्रबंधक/अधीक्षक/विभागाध्यक्ष तक पहुंचाएं।

vf/kd tkudkjh d fy, ifjf'k"V&2 n[k

C. vLirky vkj mlds vkl ikl ds ifjlj dk n/k dh ckry (feeding bottle) eqDr {k= LFkkfir djuk

स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा सभी लाभार्थियों को हिदायत दिया जाये की अस्पताल और अस्पताल परिसर में बिना डॉक्टर के लिखित परामर्श के शिशु वैकल्पिक आहार और शिशु दूध की बोतल लाना मना है। लाभार्थियों द्वारा ऐसा न करने पर उन्हें वैकल्पिक आहार और बातल से दूध पिलाने से होने वाले खतरें और नुकसानो के बारे में जानकारी दी जाये ओर उन्हें सही परामर्श के लिए आई.वाई.सी.एफ. परामर्शदाता के पास भेजा जाये। अस्पताल में जगह–जगह पर शिशु वैकल्पिक आहार और बोतल से दूध पिलाने के नुकसानों का डिस्प्ले लगाया जाये जिससे लोगों में यह जानकारी जो सके ओर अस्पताल परिसर को बोतल मुक्त क्षेत्र बनाने में मदद मिले।

अस्पताल परिसर के आस–पास चल रहे दवाई दुकानों और जेनरल स्टोरों को आई.एम.एस. एक्ट की धाराओं और उसके उल्लंघन से जुड़े दंड के बारे में जागरूक किया जाये ताकि शिशु वैकल्पिक आहार और बोतल बेचनेके तरीकों पर नियंत्रण रखकर स्तनपान को सुरक्षा बढ़ावा और सहारा दिया जा सके।

D. vLirkyk dk cch ÝMyh cukuk

शिशु और उसकी माँ के स्वास्थ्य की देखभाल के लिए अस्पताल एक अभिन्न हिस्सा है। प्रसवकालीन अवधि के दौरान अस्पतालों में उचित जानकारी और सहायता नहीं मिलने से, शिशु के जन्म से पूर्व और प्रसव पश्चात् मिलने वाली शिक्षा और समर्थन की मजबूत कड़ी बाधित हो जाती है। इन समस्याओं के समाधान के लिए वर्ष 1991 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ओर यूनिसेफ ने बेबी फ्रेडली हॉस्पिटल इनिशिएटिव (BFHI) की पहल की । बेबी फ्रेडली हॉस्पिटल इनिशिएटिव (BFHI) एक वैश्विक कार्यक्रम है जिसके तहत वैसे अस्पतालों को पहचान और प्रोत्साहन दिया जाता है जो स्तनपान की देखभाल के लिए एक इस्टतम स्तर प्रदान करते हैं। कई प्रोफेशनल संगठन भी सफल स्तनपान को बढ़ावा देने के लिए सक्रिय रूप से जानकारी और सहायता को प्रोत्साहित करते हैं जिनमें से आई.ए.पी भी एक है ।

सरकारी एवं गैर सरकारी अस्पतालों को बेबी फ्रेडली बनाने के लिए, बेबी फ्रेंडली हॉस्पिटल इनिशिएटिव (BFHI) के प्रमाणीकरण के लिए राज्य स्तरीय निगरानी प्रणाली की स्थापना की जाये जो यह निर्धारित करे कि कितनी बार एक स्वास्थ्य सुविधा के लिए मूल्यांकन किया जाना है और कैसे BFHI की स्थिति की निगरानी को मजबूत करना है। इसके लिए आई.ए.पी और यूनिसेफ, बिहार से तकनीकी सहायता ली जाये।

(बेबी फ्रेडली हॉस्पिटल इनिशिएटिव के मुख्य दस बिंदु के लिए परिशिष्ट 1 देखें)

E. efMdy dkyst vkj ftyk vLirky e cLVQhfMx dkuj dh LFkkiuk

मेडिकल कॉलेजों और जिला अस्पतालों में एक पर्याप्त ब्रेस्टफीडिंग कॉर्नर की स्थापना के लिए एक उचित निजी कमरे (बाथरूम नहीं) की व्यवस्था की जाये जहाँ आराम से बैठकर या लेटकर स्तनपान कराने का इंतजाम हो और माँ को विश्राम के लिए प्रोत्साहित करने वाले शीतल प्रकाश, हवा, चित्र और सजावट हो। कमरे में यह कमरे के पास एक सिंक के साथ–साथ साबुन और तौलिये का भी इंतजाम हो। कमरे के बार "केवल बच्चों और धात्री माताओं के लिए" लिखवाना अस्पताल अधिक्षक/प्रबंधक द्वारा सुनिश्चित किया जाये। इन कमरों में मौजूद सुविधाओं का समय–समय पर निरीक्षण ओर कमियों को दूर करने का उचित इंतजाम भी अस्पताल अधिक्षक/प्रबंधक की जिम्मेदारी होगी।

v/;k; %8 ifronu fØ;kfof/k

हर आई.वाई.सी.एफ. काउन्सलिंग सेटर पर मासिक प्रतिव्रदन भरना आई.वाई.सी.एफ. काउन्सलर का उत्तरदायित्वा है और उसक ससमय (अगले रिपोर्टिंग महीने के पहले सप्ताह में) जिला स्वास्थ्य समिति पर भेजना मेडिकल ऑफिसर इंचार्ज सुनिश्चित करें। प्रत्येक माह को जिला स्वास्थ्य समिति पर मासिक प्रतिवेदन का ऑनलाइन/ऑफलाइन एंट्री और संकलन डेटा एंट्री ऑपरेटर द्वारा किया जाना है। इस मासिक प्रतिवेदन का मूल्यांकन जिला आई.वाई.सी.एफ. नोडल पदाधिकारी (डी.पी.सी) द्वारा किया जायेगा। इसे सुनिश्चित करना सिविल सर्जन की जिम्मेदारी है। प्रतिवेदनों की मूल्यांकन रिपोर्ट की एक कॉपी राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार भेजी जाए और एक कॉपी जिला स्वास्थ्य समित पर रखें जिसका इस्तेमाल जिला स्तरीय मासिक समीक्षात्मक बैठक में फीडबैक देने में करें।

मेडिकल कॉलेज में स्थापित आई.वाई.सी.एफ. परामर्श केन्द्र से मासिक प्रतिवेदन को ससमय (अगले रिपोर्टिंग महीने के पहले सप्ताह में) राज्य स्वास्थ्य समिति के शिशु कोषांग में भेजवाना संबंधित विभागाध्यक्ष की जिम्मेदारी है।

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के शिशु कोषांग में आये हुए सभी प्रतिवेदनों और रिपोर्ट की समीक्षा ओर मुल्यांकन राज्य आई.वाई.सी.एफ. नोडल पदाधिकारी द्वारा किया जाये जिसकी चर्चा राज्य स्तरीय समीक्षात्मक बैठक में की जाये।



v/;k; 9% if'k{k.k vkj {kerk fodkl

क्षमता विकास की प्रक्रिया में आई.वाई.स.एफ. की मूल अवधारणा संबधित उन्मुखीकरण और संवेदीकरण के साथ–साथ भूमिकाओं और जिम्मेदारियों की विस्तृत जानकारी, जॉब एड्स का उपयोग, स्वास्थ्य केन्द्र और आऊटरिच का अवलोकन करने की प्रक्रिया, आँकड़ों का संग्रह, संकलन और मुल्यांकन भी शामिल है।

यह निर्देशित किया जाता है कि जिला चिकित्सालयों, एफ.आर.यू, जहाँ प्रसव भार अधिक हो और वे संस्थान जहाँ एस. एन.सी.यू. और एन.आर.सी. में मरीजों की संख्या अधिक हो वहाँ दो परामर्शदाता ऐसे हो जिन्हें आई.वाई.सी.एफ. में प्रशिक्षण प्राप्त हो। यह मालूम करें कि अब तक कितने सेवा प्रदाताओं ने यह प्रशिक्षण प्राप्त कर लिया है। प्रशिक्षण को दो भागों में वर्गीकृत करें- मुख्य कौशल (सभी के लिए), विशेष कौशल (परामर्श दाताओं के लिए)। सभी प्रशिक्षणों के पूर्ण करने की समयावधि भी जिला द्वारा सुनिश्चित की जाए। जिला स्तर पर प्रशिक्षको के प्रशिक्षण की योजना बनाएँ और उससे संबंधित वित्तीय एवं अन्य संसाधनो की पूरी स्पष्ट क्रियान्वयन योजना बनाकर पी.आई.पी. में सम्मिलित कराएं।

क्षमता विकास के लिए एक मानक प्रशिक्षण पैकेज होगाः– अपने कर्मचारियों की क्षमता का निर्माण करने के लिए राज्य आई.वाई.सी.एफ. पर मूल प्रशिक्षण पैकेज का उपयोग करें। बिहार, IBFAN/BPNI/UNICEF द्वारा तैयार 4 में 1 प्रशिक्षण मॉड्यूल इस्तेमाल कर रहा है।

BPNI द्वारा विकसित 4 में 1 आई.वाई.सी.एफ. परामर्श पाठयक्रम के अनुसार प्रशिक्षकों के विभिन्न सेट के लिए अनुसंशित प्रशिक्षण अवधी इस प्रकार हैः–

राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों – 14 दिनों के प्रशिक्षण पैकेज

न्यूट्रिशन/आई.वाई.सी.एफ. कॉउंसलर – 7 दिनों के प्रशिक्षण पैकेज

मध्य स्तर के प्रशिक्षक – 7 दिनों के प्रशिक्षण पैकेज

फ्रंट लाईन कार्यकर्त्ता – 3/4 दिनों के प्रशिक्षण पैकेज

v/;k; 10: i;Zos{k.k] vuqJo.k vkSj eqY;kadu

आई० वाई० सी० एफ० अभ्यासों के सही संचालन और उसकी सफलता के लिए सही पर्यवेक्षण, अनुश्रवण और मुल्यांकन जरूरी है। सही पर्यवेक्षण के लिए निम्नलिखित पर्यवेक्षण बिन्दुओं पर ध्यान दिया जाएः–

* किसी भी राज्य/जिला/प्रखंड और पी.एच.सी. स्तरीय ऑफिसर के लक्षित भ्रमण के साथ अकस्मात भ्रमण (ऐसा भ्रमण जब कार्यकर्त्ता को उसकी कोई जानकारी न हो)
  - o किसी दिए गए कार्य के परफॉमेन्स को देखकर (चेकलिस्ट की सहायता से)
  - o माताओं/देखभाल करनेवाले (समुदाय) से फीडबैक इकट्ठा करके (गृह भ्रमण द्वारा)
  - o सेवा प्रदाता से सवाल पूछकर ताकि उसके ज्ञान की परीक्षा हो सके
  - o अलग–अलग स्तरों पर नियमित सामुहिक समीक्षा द्वारा।

अनुश्रवण को सुदृढ़ करने के लिए स्वास्थ्य कर्मचारियों के द्वारा नियमित रूप से योजनाबद्ध पर्यवेक्षी भ्रमण किया जाना है।

iHkkoh i;Zos{k.k ds fy, fuEu i;Zos{k.k j.kuhfr dh ;kstuk cukbZ xbZ g%&

1. **jkT; iks"k.k lsy ds ek/;e ls f'k'kq vkSj NksVs cPpksa ds iks"k.k vkSj fodkl dh xq.koÙkk lqfuf'pr djsaA**

   राज्य पोषण सेल, राज्य स्तर पर पोषण संबधित इंटरवेंशन की योजना, प्रशिक्षण, क्षमता विकास और क्रियान्वयन हेतु तकनीकी सहयोग देगी।

2. **jkT;@ftyk LokLF; lfefr vkSj vU; MoyiesUV ikVZuj ds lnL;ksa }kjk LokLF; dsUnz vkSj vkmVfjp dk lh/kk Hkze.k**

3. **jkT; Lrj ij =Sekfld leh{kk;d lfe{kkRed cSBd dk vk;kstu**:– आई.वाई.सी.एफ. के नोडल पदाधिकारी (राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, शिशु स्वास्थ्य) के अध्यक्षता में उक्त बैठक किया जाये और बैठक की रिपोर्ट कार्यकारी निदेशक के साथ साथ सभी जिलों और संबंधित डेवलपमेंट पार्टनर को भी भेजी जाए।

4. **ftyk Lrj ij ekfld leh{kk;d lfe{kkRed cSBd dk vk;kstu** :– अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी के अध्यक्षता में उक्त बैठक किया जाये और बैठक की रिपोर्ट सिविल सर्जन के साथ साथ सभी प्रखंडो और संबंधित डेवलपमेंट पार्टनर को भी भेजी जाए।

5. **vkbZå ,eå ,lå ,DV ds izfr jkT; vkSj ftyk Lrjh; tu tkxj.k** :– राज्य में बहुत बड़ी संख्या में निजी अस्पतालों में भी प्रसव होते हैं। अतः इन अस्पतालों में कार्यरत सेवा प्रदाताओं को भी आई० एम० एस० एक्ट की प्रभावी रूप से पालना और सही शिशु एवं बाल पोषण गतिविधियों को बढ़ावा देने हेतु जिला स्तरीय प्रशिक्षण/कार्यशाला आयोजित करें। इसके लिए बी.पी.एन.आई. एवं यूनिसेफ, बिहार का सहयोग सराहनीय होगा।

6. **vkbZ-okbZ-lh-,Q- xfrfof/k;ksa dh fu;fer fuxjkuh** :– आई.वाई.सी.एफ. गतिविधियों के सही कार्यान्वयन हेतू जिला योजना समन्वयक को नोडल ऑफिसर बनाया गया है जो आई.वाई.सी.एफ. गतिविधियों को राज्य स्वास्थ्य समीति, बिहार द्वारा शिशु छोटे बच्चों के पोषण संबंधित राज्य स्तरीय दिशा–निर्देश के अनुसार पूर्णरूप से संचालित करने के लिए उत्तरदायी है।

